प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 01.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आईआईटी–आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंची धनबाद, जनजातीय महिलाओं की प्रदर्शनी का किया अवलोकन।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम किसान योजना की 20वीं किस्त कल करेंगे जारी, 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा 20,500 करोड़ रुपये का लाभ।
- झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू, सत्र के पहले दिन शोक प्रस्ताव पारित, 4 अगस्त को पेश होगा 2025–26 का अनुपूरक बजट।
- श्रावणी मेले के दौरान रेलवे को हुआ 8 करोड़ 82 लाख रुपये का राजस्व लाभ, देवघर और बासुकिनाथ स्टेशनों से आय और यात्रियों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि।
- नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षाबलों को मिली एक और सफलता, सरायकेला के मासीबेरा पहाड़ी से विस्फोटक बरामद, सुरक्षा मानकों के तहत किए गए नष्ट।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज झारखण्ड दौरे के दूसरे दिन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–भारतीय खनन विद्यालय आईआईटी आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने धनबाद पहुंचीं। उनके साथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू भी मौजूद हैं। राष्ट्रपति ने सबसे पहले गोल्ड मेडल विजेताओं और प्रोफेसरों के साथ फोटोग्राफी कराई, फिर उन्होंने अटल नवाचार केन्द्र मे जनजातीय महिलाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्रीमती मुर्मु दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी–के. मिश्रा को डॉक्टर ऑफ साइंस डिग्री से सम्मानित करेंगी और बीस प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अब से थोड़ी देर बाद स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति तकनीकी संस्थान के शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में डाक टिकट भी जारी करेंगी। आईआईटी आईएसएम का 45वां दीक्षांत समारोह अभी जारी है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त के अंतर्गत 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये जारी करेंगे। वे दो हजार दो सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ और शिलान्यास भी करेंगे।

********************

झारखण्ड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू हुआ। सत्र के पहले दिन स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सदन को संबोधित करते हुए बताया कि सत्र 1 से 7 अगस्त तक आहूत है, जिसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे। 4 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025–26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। उन्होंने आशा जताई कि सदस्य सक्रिय और रचनात्मक योगदान देकर झारखंड को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मानसून सत्र के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिवंगत कई प्रतिष्ठित हस्तियों और आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद शोक प्रस्ताव पारित किया गया।

********************

श्रावणी मेले के दौरान हर दिन लाखों कांवरियों के बाबाधाम पहुंचने से रेलवे की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जसीडीह, बैद्यनाथधाम, देवघर और बासुकिनाथ स्टेशनों से रेलवे को 20 दिनों में 8 करोड़ 82 लाख रुपये से अधिक की आय हुई है। जो पिछले साल की तुलना में देवघर से 24 प्रतिशत और बासुकिनाथ से 50 प्रतिशत अधिक है। यात्रियों की संख्या में भी लगभग 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

********************

आज से शुरू हो रहे विश्‍व स्तनपान दिवस के तहत पलामू में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त समीरा एस ने स्तनपान की अहमियत बताते हुए कहा कि जानकारी के अभाव में कई महिलाएं नवजातों को स्तनपान नहीं करा पातीं, जिससे उनके पोषण पर असर पड़ता है।

********************

केंद्र सरकार ने पीएम जनमन योजना के तहत दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाली जनजातियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष अभियान की शुरुआत की है।

********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षाबलों को एक और सफलता मिली है। सरायकेला–खरसावां जिले के कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत मासीबेरा पहाड़ी क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर सरायकेला और चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा पहाड़ी क्षेत्र में सघन सर्च अभियान चला कर अमोनियम नाइट्रेट और पैट्रोलियम जेली के पैकेट बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने जानकारी कि बरामद सभी विस्फोटकों को सुरक्षा मानकों के तहत नष्ट कर दिया गया है।

********************

अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की शुल्क घोषणाओं के बीच आज दोपहर घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 227 अंक गिरकर 80 हजार 959 पर और एनएसई निफ्टी 84 अंक गिरकर 24 हजार 684 पर कारोबार कर रहे थे।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार तीन सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख सत्रह हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने आज से 4 अगस्त तक राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा की संभावना जताई है। उत्तर–पूर्वी जिलों के साथ–साथ रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में बारिश की चेतावनी दी गई है। इन इलाकों में मेघगर्जन, 30 से 40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा और वज्रपात की संभावना को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

***************